# गणतंत्र दिवस विशेषांक


गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
लोक निर्माण विभाग परिवार, नर्मदापुरम

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकमानएं
--बिन सहकार नहीं उद्धार--
प्रशासक कंचन सोनी
प्रबंधक सुनील पटेल
सेवा सहकारी समिति कांद्राखेड़ी, जिला नर्मदापुरम

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जय हिन्द
जिला रोजगार अधिकारी नर्मदापुरम् (म.प्र.)

जय हिन्दी वन्दे मातरम् जय भारत
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सोनू वर्मा (डी.पी.वर्मा)
सहकारी बैंक, नर्मदापुरम्


गणतंत्र दिवस की समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

मान. विजयपाल सिंह
विधायक सोहागपुर
सौ. देवदत्त तिवारी नर्मदापुरम

जय हिन्द
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जय हिन्द
सुशील दीवान
रंजना गैस एजेंसी एन एच 69 रसूलिया, नर्मदापुरम म.प्र.

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकमानएं
सचिव लीलाधर पटैल
रोजगार सहायक पवन मीना
सरपंच श्रीमती मंजू शिवकुमार तोमर
उपसरपंच, पंच व समस्त ग्रामवासी ग्राम पंचायत सिराली, जिला नर्मदापुरम

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकमानएं
जय हिन्द

रवि दुबे
संभागीय अध्यक्ष लघुवेतन कर्मचारी संघ नर्मदापुरम

गणतंत्र दिवस की सभी क्षेत्रवासियों की हार्दिक शुभकामनाएं

कार्यालय ई रजिस्ट्री
सर्विस प्रोवाईडर, ई-पंजीयन से संबंधित समस्त कार्य किये जाते हैं
बिक्रीपत्र, वसीयतनामा, इकरारनामा, गोदनामा एवं ई स्टाम्प आदि कार्य किये जाते हैं
प्रो. धनराज यादव मो. 9755282432
कलेक्ट्रेट गेट के पास वस फोटो कॉपी जनपद पंचायत परिसर, कोठी बाजार नर्मदापुरम

गणतंत्र दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं
जय हिन्द जय भारत
वन मंडल अधिकारी
अधिकारी-कर्मचारी वन विभाग जिला नर्मदापुरम

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जय हिन्द
क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कार्यालय नर्मदापुरम

गणतंत्र दिवस की हार्दिक - हार्दिक शुभकामनायें
सहकारी अपनाएं, शासन की योजनाओं का लाभ लें
वृहताकार सेवा सहकारी समिति, सांवलखेड़ा जिला नर्मदापुरम
जय हिन्द
सुरेश वर्मा
अध्यक्ष सहकारी समिति जिला नर्मदापुरम

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Vardhman
वर्धमान फेब्रिक्स
पताः पीलीकरार, बुधनी, जिला सीहोर म.प्र.

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकमानएं
--बिन सहकार नहीं उद्धार--
प्रशासक बीके शर्मा
प्रबंधक करतार सिंह
सेवा सहकारी समिति सेमरीखुर्द, जिला नर्मदापुरम

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कार्यालय सहायक कृषि यंत्री पंवारखेड़ा, जिला नर्मदापुरम्

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ
बेटी है तो कल है, नर्मदा है तो जल है।
जिला प्रशासन (महिला एवं बाल विकास) नर्मदापुरम

गणतंत्र दिवस की हार्दिक - हार्दिक शुभकामनायें

जय हिन्द
आनंद शर्मा बी.आर.सी नर्मदापुरम समस्त स्टॉफ- बी.आर.सी. कार्यालय नर्मदापुरम

गणतंत्र दिवस की हार्दिक - हार्दिक शुभकामनायें

हाजी इलाही बख्श एण्ड संस
दुकान नं.36, 37, 38, 39, 40 अलीम राईन, अमिन राईन, शाहिद राईन, अबिद राईन, आशिफ राईन, हाशू राईन
सब्जी मंडी नर्मदापुरम

मेरा भारत महान
गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कृषि विभाग नर्मदापुरम

गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
जय हिन्द
प्राचार्य पॉलिटेक्निक कालेज, इटारसी

नर्मदा ट्रेवल्स (शिवहरे बस सर्विस)

गणतंत्र दिवस की हार्दिक - हार्दिक शुभकामनायें

शादी, पार्टी पिकनि , ट, तीर्थ यात्रा, स्टॉफ बस, स्कूल बस, फैक्ट्री बस एवं सभी दिशा की बस बुकिंग के लिए संपर्क करें
यात्री बसों में सीट बुकिंग हेतु मार्ग :- नसरूल्लागंज, भोपाल, छिंदवाड़ा, नागपुर, पांडौरना, अकोला, अमरावती, बैतुल, मुलताई, हरदा, सिराली, महेन्द्रगांव, शिवपुर, सारणी, पिपरिया, जुन्नारदेव, रामपुर, इंदौर, मनावर, हंडियॉ, नेमावर, खण्डवा, सिरोंज, बैरसिया
सौजन्य :- श्री संजय शिवहरे जी-प्रफुल शिवहरे, नर्मदापुरम (म.प्र.)
मो.न.7898722348

राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रायवेट बस स्टैण्ड के सामने नर्मदापुरम्
युसुफ अली एण्ड संस
मुल्ला जी पेट्रोल पंप

## गणतंत्र दिवस पर विशेष

# आजादी के बाद से कई क्षेत्रों में कीतिमान गढ़े हैं, अभावों की जगह संसाधन बढ़े हैं

**नर्मदापुरम,( बलराम शर्मा )।**

आजादी के वीर जवानों ने अपना जीवन न्यौछावार करके आजादी दिलाई है। भारतवासियों का स्वतंत्रता से पूर्व और कुछ समय बाद तक अभावों और मुश्किल भरा जीवन था। विकास का पहिया आगे बड़ता गया और धीरे-धीरे नए कीर्तमान स्थापित होते गए। जिसकी गति अभी तक जारी है। सन् 1947 के बाद से अब तक भारत में बहुत कुछ घटित हुआ है। होता जा रहा है। शिक्षा के क्षेत्र में, उद्योग धंधे के क्षेत्र में, सडकों के निर्माण, खेती किसानी, स्वास्थ्य सहित अन्य तमाम क्षेत्रों में विकास का पहिया बढ़ता जा रहा है। नर्मदांचल सहित देश में हरित क्रांति आई जिसके परिणाम स्वरूप खाद्यान्न की पैदावार में वृद्धि होना शुरू हो गई थी। अंतरिक्ष कार्यक्रमों में सफलता अर्जित करने के साथ ही महामरियों के उन्मूलन की दिशा में भी बढ़ रहे हैं, और आईटी क्षेत्र में अभूतपूर्व सफलता हासिल होती जा रही। स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव पर शहर के वरिष्ठजनों से चर्चा करने पर उन्होंने कहा कि भौतिक क्षेत्र में अमूलचूल परिर्वतन देखने को मिल रहा है।

**-वरिष्ठजनों के विचार-**



स्वतंत्रता संग्राम के सेनानियों के बलिदानों ने दिलाई है आजादी

**विकास की धारा वही :-**

देश आजाद हुआ तब हम छोटे थे। उस समय की धुंधली सी यादें हैं। गुलामी से मुक्त होने पर खुशी का माहौल था। उस समय हर क्षेत्र में अभाव भरी जिंदगी थी। शिक्षा स्वास्थ्य के साथ ही खेती के कार्य भी सीमित थे। उस समय खाद्यान्य में गेहूं कम और ज्वार होती थी। कपड़े भी खादी के चलन में थे। अब बहुत विकास हो हुआ है। होता ही जा रहा है।

**गोपीकांत घोष वरिष्ठ समाजसेवी**

**संसाधन का अभाव था :-**

एक गांव से दूसरे गांव या कहीं अन्य स्थानों पर जाने के लिए पैदल चलना पड़ता था। बैलगाड़ी के बाद तांगे शुरू हुए थे। उनसे भी सीमित दायरे में आनाजाना हो पाता था। अब बाईक से लेकर नई-नई कार, बस आदि कई तरह के संसाधन हो गए जिससे एक छोर से दूसरे छोर तक आसानी से आना जाना हो जाता है। डिजीटल में भी आगे बढ़ रहे हैं।

**गिरि मोहन गुरू सेवानिवृत्त शिक्षक**

**आधुनिक भारत महान भारत :-**

विकास क्षेत्र में भारत नए कीर्तिमान गढ़ता जा रहा है। पूर्व में जहां पुस्तक काफी,पेन तक नहीं मिल पाते थे। अब भारत डिजिटल इंडिया हो गया। सभी कार्य कम्प्युटर से तथा ऑनलाइन होने लगे है। रोजगार,शिक्षा, स्वास्थ्य के साथ ही सड़कों, बंदरगाहों,हवाई अड्डों का निर्माण करवाकर देश में लगातार तरक्की हो रही है। आधुनिक भारत महान भारत हो गया है।

**आरआर सोनी, पर्यावरणविद**

**गांधी के प्रति आस्था**

हमें जो आजादी मिली है वह महात्मा गांधी व उनके जैसे महान लोगों की दम पर मिली है। मेरा जन्म 1943 में हुआ था। मैं 7 वर्ष का था तभी से गांधी जी में आस्था थी। कुछ बढ़ा हुआ तभी से गांधी टोपी से प्रेम हो गया था। आज भी बिना टोपी के नहीं रह सकता। आज भी खादी प्यारी है।आजादी से पूर्व में परेशानियां ज्यादा थी। अब साधन बढ़ते जा रहे हैं

**शंभूनाथ गुप्ता,गांधीवादी विचारक**

# हम लोकतांत्रिक देश में रह रहें है जहां हमें मतदान का अधिकार है : सीईओ श्री रावत

## 15वां मतदाता दिवस का कार्यक्रम समारोह पूर्व आयोजित हुआ

नर्मदापुरम (निप्र) 15वां राष्ट्रीय मतदाता दिवस का कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एस एस रावत ने कहा कि आज हम 15वां मतदाता दिवस कार्यक्रम समारोह पूर्वक मना रहें है। हमारे देश में लोकतंत्र है हम लोकतांत्रिक देश में रह रहे है जहां 18 वर्ष की आयु के सभी पात्र व्यक्तियों को मतदान करने का अधिकार है। भारत निर्वाचन आयोग बिना भेदभाव के सभी पात्र मतदाताओं को मतदाता पहचान पत्र जारी करता है। श्री रावत ने कहा कि राजशाही व्यवस्था में यह पहले से निर्धारित रहता है कि राजा के बाद उसका बेटा राजा बनेगा। लेकिन हमारे देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था होने के कारण कोई भी व्यक्ति अपनी योग्यता से सर्वोच्च पद पर आसीन हो सकता है। श्री रावत ने कहा कि स्वीप गतिविधियों के लिए जो टीम बनाई गई है वह मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य कर रही है। उन्होने सभी बीएलओ से कहा कि वह जनता के मन में यह भाव पैदा करे कि उनका कार्य निष्पक्ष, तटस्थ एवं पारदर्शी है। श्री रावत ने कहा कि वर्तमान में 1 हजार पुरूषों के मान पर




941 महिलाएं है। स्वीप की टीम ने घर घर जाकर वंचित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में जुडवाया है। उद्येश्य यह होता है कि कोई भी मतदाता जिसका नाम मतदाता सूची में हो वो मतदान से वंचित न रहें।

श्री रावत ने कहा कि चुनाव में आईटी का उपयोग बढा है। मतदाता अब स्वयं घर बैठे अपना नाम मतदाता सूची से जुडवा सकते है।इसके पूर्व अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनिल जैन ने स्वागत भाषण एवं जिला निर्वाचन कार्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

जिसमें विशेष संक्षिप्त पुनर्रीक्षण के दौरान जिले की उपलब्धियों का उल्लेख किया गया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिले के स्वीप आईकोन आशीष चटर्जी एवं सारिका घारू का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। सारिका घारू ने वोट जैसा कुछ नहीं की थीम पर मतदाता जागरूकता पर आधारित गीत की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार का वीडियों संदेश प्रसारित किया गया।

**बीएलओ एवं कर्मचारियों को किया गया सम्मानित**

निर्वाचन कार्य में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ श्रीमती बिनीता दुबे, नारायण सिंह रघुवंशी, श्रीमती सविता अहिरवार, श्रीमती पुष्पा गढवाल, दिलिप यादव, श्रीमती प्रभा मालवीय एवं अन्य बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। वहीं उकृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी मनीष गौर, जितेन्द्र यादव, शीतल श्रीवास्तव, अविनाश डोंगरे, एवं मास्टर ट्रेनर नितिन राय, डीएन व्यास, राजेश जायसवाल आदि को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**नवीन पंजीकृत मतदाताओं को मतदाता परिचय पत्र का वितरण**

मुख्य कार्यक्रम में सीईओ श्री रावत ने नवीन पंजीकृत मतदाताओं कनक राजपूत, त्रिसिका कीर, प्रमोद गावडे, जया संतोरे, महक मांझी, मान्या उदयपुरे, नितिन यादव को मतदाता फोटो परिचय पत्र का वितरण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालयीन स्तर पर आयोजित निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली कुमारी टीना कहार, द्वितीय अनुष्का कहार एवं तृतीय स्नेहा पटवा को सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**आजादी की लड़ाई में नर्मदांचल के रणबाकुरों का विशेष योगदान रहा**

# ऐसे हीं नहीं मिली देश को आजादी कई लोगों को जान न्यौछावर करनी पड़ी तब मिली अंग्रेजों से आजादी

## आजादी के दीवानों को खुले स्थानों पर लटका दिया जाता था फांसी पर गुरुकुल के पास आज भी मौजूद हैं अंग्रेजों के जमाने के फांसी खंभ





**नर्मदापुरम, ( रश्मि शर्मा )।**

ब्रिटिश हुकुमत के दौरान भारतीय नागरिकों को छोटी छोटी सी बातों पर कड़ी से कड़ी सजा दी जाती थी। खासकर आजादी के दीवानों से अंग्रेज बहुत चिड़ते थे। उनके जुल्म सहने वालों पर रहम करना और अंग्रेजी हुकू मत से आजादी की गतिविधि की जानकारी मिलने पर सजा देना उनका मुख्य कार्य था। यहां तक कि फॉसी पर भी लटका दिया जाता था। या फिॅर बंदूक से शूट कर काम तमाम कर दिया जाता था। सैंकड़ों बेनाम भारतीयों ने आजादी के लिए कु र्बानी दे दी। तब कहीं जाकर भारत आजाद हो सका है। भारतीयों ने अंग्रेजों के जुल्म बहुत सहे। आजादी की लड़ाई में नर्मदांचल के रणबांकु रों का विशेष योगदान रहा है। जिले के के दो दो राष्ट्रकवियों जिनमें माखन लाल चतुर्वेदी और भवानी प्रसाद मिश्र तथा अन्य साहित्यकारों ने आजादी की लड़ाई में अपना विशेष योगदान दिया है। इनके अलावा भी अन्य अनेक लोग रहे जिन्होने अंग्रेजों से लड़ाई लड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ी चाहे उनके प्राण चले गए हों। उनमें से अनेक स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम जिले की कें द्रीय जेल के सामने वाले स्तंभ पर आज भी अंकि त हैं।

### गुरुकुल के पास है फांसी खंभ

गुरुकुल क्षेत्र का इतिहास गवाह है कि यह गुरुकु ल 108वर्ष का हो गया है। इसी के पास शहर की पुरानी बस्ती भीलपुरा मौजूद है। जिससे यह साबित होता है कि यहां पर कालांतर में भील बड़ी संख्या में रहें होंगे। गुरुकु ल के मुख्य दरबाजे के बाहर करीब दो सौ फीट की दूरी पर एक झील नुमा क्षेत्र में दो लोहे के खंभ आधे कटे हुए आज भी मौजूद है। जिन्हें पुरानी बस्ती बीटीआई और भीलपुरा के लोग आज भी फांसी के खंभ नाम से जानते हैं। बुजुर्ग बताते थे कि उनके सामने यहां पर आजादी की लड़ाइ में हिस्सा लेने वालों को फांसी पर चढ़ा दिया जाता था।

### गुरुकुल में होती थी गतिविधि

उस समय गुरुकुल ही एक ऐसी संस्था थी जो आर्य सभा के द्वारा संचालित होते हुए देश के लिए काम करने वाले लोगों के हित में आगे आती थी। इस पर अंग्रेज लोग भी निगाह रखते थे। लेकि न इसके बाद भी गुरुकु ल में आजादी के लिए ताने बाने बुने जाते थे। यहां पर राष्ट्रकवि माखन लाल चतुर्वेदी भी आंदोलन के दौरान आकर रुकते थे। उन पर भी विशेष नजर रखी जाती थी। वरिष्ठ साहित्कार पत्रकार पंकज पटेरिया बताते हैं कि गुरुकुल के पास के फांसी खंभ की जानकारी पहले सांसद सैय्यद मूसा से भी सुनने को मिली थी। उन्होने चर्चा के दौरान बताया था कि गुरुकुल के पास के फांसी खंभ पर भारतीय को लटका दिया जाता था। उस स्थान पर जाने से लोग डरते थे।

### बसंत टाकीज क्षेत्र में थी रोक

भीलपुरा के दीपचंद केवट बताते हैं कि उनके पूर्वज बताते थे कि शहर का सबसे पुराना मोहल्ला भीलपुरा ही था। यहां पर लोग नर्मदा तट होने के कारण बसते गए थे। तब अंग्रेजों का यहां पर ही आना जाना लगा रहता था। जब देखा कि गुरुकुल में लोगों का आना जाना ज्यादा होता है। तब अंग्रेजों ने बंसत टाकीज क्षेत्र वाले तिराहे से लोगों के आने जाने पर रोक लगाई थी। यहां से बीटीआई की ओर निकलने वालों से काफी पूछताछ के बाद ही निकलने दिया जाता था।

# खेत में काम करते समय करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

विदिशा, (आरएनएस)। गुलाबगंज थाना क्षेत्र के नेहरूखेड़ी गांव में बिजली के तार के चपेट में आने से एक किसान की मौत हो गई। किसान अपने खेत में सिंचाई करने के दौरान हादसे का शिकार हो गया।जानकारी के मुताबिक 60 वर्षीय किसान गोरेलाल अहिरवार के खेत में एक टूटा हुआ बिजली का तार पड़ा था, जिसे वह देख नहीं पाया और उसकी चपेट में आ गए। करंट लगने से वह तुरंत बेहोश हो गया। पास के खेत में काम कर रहे उनके भाई और अन्य लोगों ने उन्हें जमीन पर अचेत अवस्था में देखा। परिजन तुरंत उन्हें जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।गोरेलाल के दो बेटे और तीन बेटियां है। उसके पास 6 बीघा जमीन थी, जिसपर वह खेती करते थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मॉर्चुरी में रखवा दिया है।

# ग्राम पानवरी में निशुल्क आयुष चिकित्सा निदान शिविर का आयोजन किया गया

## शिविर में मरीजो का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण




नर्मदापुरम (निप्र)। मध्य प्रदेश शासन आयुष विभाग के आदेशानुसार जिला आयुष अधिकारी नर्मदापुरम डॉ श्रीमती बिमला गढ़वाल के मार्गदर्शन में शासकीय आयुर्वेदिक औषधालय आयुष ग्राम रामपुर द्वारा ग्राम पानवरी में निशुल्क आयुष चिकित्सा निदान शिविर का आयोजन गत दिवस किया गया। शिविर का शुभारंभ श्रीमती अनीता यादव सरपंच ग्राम पानवरी, बालकृष्ण चौधरी वरिष्ठ नागरिक एवं मोहन यादव भाजपा ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष द्वारा किया गया। शिविर में नोडल अधिकारी डॉ. विश्वनाथ अहिरवार द्वारा बताया गया कि जिले से आए आयुष चिकित्सकों द्वारा सेवा प्रदान की गई। आयुर्वेद से 158 रोगी, होम्योपैथी से 77 रोगी एवं यूनानी से 62 रोगी इस प्रकार कुल 297 रोगियों को स्वास्थ्य लाभ प्रदान किया गया। 21 ग्रामीण जनों का प्रकृति परीक्षण किया गया। 77 ग्रामीण जनों एवं छात्र-छात्राओं को योगाभ्यास कराया गया। 53 व्यक्तियों की शुगर जांच की गई जिनमें से 9 शुगर के रोगी पाए गए। 97 हितग्राहियों का बीपी जांच किया गया जिनमें से 22 हाई बीपी के रोगी मिले। शिविर में आयुर्वेदिक चिकित्सक डॉ. गौरव भेरूवा, डॉ लीना सतीजा, होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. आनंद सागर, यूनानी चिकित्सक डॉक्टर युसूफ अली, पैरामेडिकल स्टाफ श्रीमती राजकुमारी, राजू बुनकर, तिलक चंद सोनवाने, श्रीमती रामबाई चिमानिया, कमल मर्सकोले, योग प्रशिक्षक ललित दुबे, सहायक शिवम चौरे, संदीप, CHO संध्या यादव आशा कार्यकर्ता एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित रही।

# महामहिम राज्यपाल ने राज्य स्तरीय मतदाता दिवस समारोह में नर्मदापुरम कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना को सम्मानित किया

**लोकसभा निर्वाचन-2024 में IT initiative, स्वीप गतिविधियों और समग्र रूप से उत्कृष्ट कार्य के लिए मिला पुरस्कार**

**यह पुरुस्कार संपूर्ण जिले के लिए गौरव का प्रतीक, समस्त मतदाताओं, राजनैतिक दलों, अधिकारी/कर्मचारियों और मीडिया के साथियों का आभार : कलेक्टर**



नर्मदापुरम (निप्र)। 15वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर, भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय मतदाता दिवस समारोह में मध्यप्रदेश के राज्यपाल महामहिम श्री मंगू भाई पटेल ने नर्मदापुरम कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री सोनिया मीना, को लोकसभा निर्वाचन-2024 में IT initiative, स्वीप गतिविधियों और समग्र रूप से उत्कृष्ट कार्य के लिये के लिये विशेष श्रेणी का पुरस्कार प्रदान किया। महामहिम राज्यपाल श्री पटेल ने समग्र रूप से निर्वाचन में सराहनीय कार्य किये जाने पर कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना को सम्मानित किया।उल्लेखनीय है कि लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में निर्वाचन में संलग्न कर्मचारियों एवं मतदाताओं को सक्रिय रूप से सहभागी किये जाने के लिये अभिनव त्रि-स्तरीय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) तथा इन्फॉर्मेशन टेक्नॉलॉजी (IT) आधारित योजना लागू की गई। इस योजना में तीन घटक सम्मिलित किये गये थे जिनमें -

नर्मदापुरम इलेक्शन क्विज एप - इस एप के के माध्यम से मास्टर ट्रेनर द्वारा इंटरैक्टिव क्विज़ और व्हाट्सएप समूहों का उपयोग करके मतदान दलों को प्रशिक्षित किया गया जिसमें प्रशिक्षण सत्र की समाप्ति पर प्रशिक्षणार्थियों ने क्विज के माध्यम से मतदान प्रक्रिया संबंधित प्रश्नों का जवाब दिया जिनके आधार पर कठिन विषयों को चिन्हांकित कर इन विषयों के लिये पुर्नप्रशिक्षण की योजना तैयार की गई। मतदान कर्मियों के प्रशिक्षण में किये गये इस नवाचार के कारण संपूर्ण जिले में मतदान प्रक्रिया का सुगम संचालन संपन्न हुआ।इटारसी का AI शुभंकर "इटरू" - नर्मदापुरम के इटारसी में एक जेनरेटिव AI आधारित शुभंकर "इटरू" लॉच किया गया जो ईंट और रस्सी उत्पादन में इटारसी शहर के ऐतिहासिक महत्व का प्रतीक है। शुभंकर के डिजाइन को सामुदायिक प्रतिक्रिया के माध्यम से परिष्कृत किया गया और इटारसी नगर क्षेत्र में पारंपरिक रूप से कम मतदान को बढ़ाने के उपयोग किया गया। शुभंकर "इटरू" की लोकप्रियता लिए स्वीप अभियानों में एवं नागरिकों के मध्य इसकी स्वीकार्यता के कारण निर्वाचन उपरांत इसें शहर इटारसी का स्थायी शुभंकर घोषित किया गया। ई-कॉन्टेक्ट मोबाईल एप - इस एप को मतदाताओं को जीआईएस मानचित्र आधारित मतदान केंद्र की जानकारी और बीएलओ संपर्क नंबर प्रदान किये जाने के उद्देश्य से विकसित किया गया था तथा इसके माध्यम से चुनाव कर्मियों के लिए निर्बाध एकीकृत संचार पद्धति को सक्षम बनाया गया। मतदाता दिवस के राज्य स्तरीय समारोह में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में किये गये उक्त आईटी एवं स्वीप नवाचारों का विशेष उल्लेख किया गया।

# सेठानी घाट पर होगा भारत पर्व का आयोजन

**कवि प्रेम नारायण साहू अपनी कविता से श्रोतओं को करेंगे मंत्र मुग्ध**




नर्मदापुरम (निप्र)। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस की संध्या पर लोकतंत्र के लोक उत्सव भारत पर्व का आयोजन सेठानी घाट में किया जाएगा। सायं 07:30 बजे से आयोजित होने वाले भारत पर्व रायसेन जिले के बरेली तहसील के प्रसिद्ध कवि प्रेम नारायण साहू अपने 06 सदस्यीय दल के साथ कविता पाठ करेंगे। अपनी कविताओं से वे उपस्थित श्रोताओं को तंत्र मुग्ध करेंगे। इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग द्वारा तिलक भवन में प्रदर्शनी लगाई जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com

